भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2533
गुरूवार, 24 मार्च, 2022/3 चैत्र, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

राज्य होटल प्रबंधन संस्थानों की स्थापना किया जाना

2533. श्री के.सी. वेणुगोपालः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में कितने केन्द्रीय होटल प्रबंधन संस्थान कार्यशील हैं तत्संबंधी राज्य-वार/संघ क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार राज्य सरकारों को अपने-अपने राज्यों में राज्य होटल प्रबंधन संस्थानों की स्थापना करने के लिए सहायता प्रदान करती है;

(ग) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान और चालू वर्ष में ऐसे कितने संस्थानों की स्थापना की गई है और इस प्रयोजनार्थ कितना वित्तीय आबंटन किया गया है;

(घ) छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करते समय इन संस्थानों को किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है; और

(ङ) क्या ये संस्थान देश में पर्यटन क्षेत्र की संवृद्धि में अपना योगदान देने में सफल रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) : देश में वर्तमान में 21 केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थान (सीआईएचएम) प्रचालनरत हैं । इन संस्थानों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विवरण अनुबंध-। में दिया गया है ।

(ख) : जी, हां महोदय ।

(ग) : पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान संबद्ध राजकीय होटल प्रबंधन संस्थानों की संख्या निम्नलिखित है :

क्र. सं.	**वर्ष**	**संस्थान का नाम**	**स्वीकृत राशि (लाख रु. में)**
1	2018-19	एसआईएचएम, दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल	1200.00
2	2019-20	एसआईएचएम, बोध गया, बिहार	1000.00

		एसआईएचएम, बालनगीर, ओडिशा	1200.00
		एसआईएचएम, उदयपुर, राजस्थान	557.13
		एसआईएचएम, रांची, झारखण्ड	1000.00
3	2020-21	एसआईएचएम, रायपुर, छत्तीसगढ़	1000.00
4	2021-22	एसआईएचएम, जबलपुर, मध्य प्रदेश	1173.43

(घ) : ये संस्थान आत्मनिर्भर आधार पर प्रचालन करते हैं और इन संस्थानों की आय का मुख्य स्रोत छात्रों से ली गयी फीस है । इसके परिणामस्वरूप कम छात्रों वाले संस्थानों को वित्तीय बाधाओं का सामना करता पड़ता है जिनका संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा विधिवत समाधान किया जाता है ।

(ड.) : जी हां महोदय, ये संस्थान देश में पर्यटन क्षेत्र की प्रगति में योगदान देने में सफल रहे हैं और पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग के लिए कौशल प्राप्त श्रमशक्ति के सृजन में ये उल्लेखनीय भूमिका निभाते हैं । पिछले 5 वर्षों में उत्तीर्ण हुए छात्रों के प्लेसमेंट से संबंधित विवरण अनुबंध-।। में दिया गया है ।

*****

<u>अनुबंध –I</u>

राज्य होटल प्रबंधन संस्थानों की स्थापना किये जाने के संबंध में दिनांक 24.03.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2533 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

<u>केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों (सीआईएचएम) की सूची</u>

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>संस्थान का नाम</th><th>राज्य/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>सीआईएचएम, गुवाहाटी</td><td>असम</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>सीआईएचएम, हाजीपुर</td><td>बिहार</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>डॉ. अम्बेडकर आईएचएम (सीआईएचएम), चंडीगड़</td><td>चंडीगढ़</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>सीआईएचएम, पूसा</td><td>दिल्ली</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>सीआईएचएम, गोवा</td><td>गोवा</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>सीआईएचएम, गांधीनगर</td><td>गुजरात</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>सीआईएचएम, कुफरी, शिमला</td><td>हिमाचल प्रदेश</td></tr>
<tr><td>8.</td><td>सीआईएचएम, श्रीनगर</td><td>जम्मू एवं कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र</td></tr>
<tr><td>9.</td><td>सीआईएचएम, बेंगलुरु</td><td>कर्नाटक</td></tr>
<tr><td>10.</td><td>सीआईएचएम, त्रिरुवनंतपुरम</td><td>केरल</td></tr>
<tr><td>11.</td><td>सीआईएचएम, ग्वालियर</td><td rowspan="2">मध्य प्रदेश</td></tr>
<tr><td>12.</td><td>सीआईएचएम, भोपाल</td></tr>
<tr><td>13.</td><td>सीआईएचएम, मुंबई</td><td>महाराष्ट्र</td></tr>
<tr><td>14.</td><td>सीआईएचएम, शिलांग</td><td>मेघालय</td></tr>
<tr><td>15.</td><td>सीआईएचएम, भुबनेश्वर</td><td>ओडिशा</td></tr>
<tr><td>16.</td><td>सीआईएचएम, गुरुदासपुर</td><td>पंजाब</td></tr>
<tr><td>17.</td><td>सीआईएचएम, जयपुर</td><td>राजस्थान</td></tr>
<tr><td>18.</td><td>सीआईएचएम, चेन्नई</td><td>तमिलनाडु</td></tr>
<tr><td>19.</td><td>सीआईएचएम, हैदराबाद</td><td>तेलंगाना</td></tr>
<tr><td>20.</td><td>सीआईएचएम, लखनऊ</td><td>उत्तर प्रदेश</td></tr>
<tr><td>21.</td><td>सीआईएचएम, कोलकाता</td><td>पश्चिम बंगाल</td></tr>
</table>

*****

अनुबंध II

राज्य होटल प्रबंधन संस्थानों की स्थापना किये जाने के संबंध में दिनांक 24.03.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2533 के भाग (ड.) के उत्तर में **विवरण**

पिछले 5 वर्षों के दौरान सफल हुए छात्रों का प्लेसमेंट

	2016-17			2017-18			2018-19			2019-20			2020-21		
पाठ्यक्रम	**उत्तीर्ण**	**नौकरी प्राप्त**	**प्रतिशत**	**उत्तीर्ण**	**नौकरी प्राप्त**	**प्रतिशत**	**उत्तीर्ण**	**नौकरी प्राप्त**	**प्रतिशत**	**उत्तीर्ण**	**नौकरी प्राप्त**	**प्रतिशत**	**उत्तीर्ण**	**नौकरी प्राप्त**	**प्रतिशत**
डिग्री	5200	4475	86.06%	5706	4706	82.47%	5878	5089	86.58%	7736	6613	85.48%	8135	3852	47.25%
डिप्लोमा	3154	3026	95.94%	3525	3314	94.01%	3677	3509	95.43%	4155	3947	94.99%	2410	1808	75.02%
कुल	**8354**	**7501**	**89.79%**	**9231**	**8020**	**86.88%**	**9555**	**8598**	**89.98%**	**11891**	**10560**	**88.81%**	**10545**	**5660**	**53.67%**

नोट : उत्तीर्ण हुए कुछ छात्र उच्चतर अध्ययन करते हैं ।

*****